घटना — सुरक्षा व्यवस्था पर सवाल, अतिरिक्त वन अमला मौके पर किया गया तैनात

# कठुलिया हार में बाघ के हमले में ग्रामीण घायल





**उमरिया, मानपुर, नवभारत 13 सितंबर।** मानपुर परिक्षेत्र के सेमरा-सेमरी कठुलिया हार इलाके में रविवार दोपहर एक बाघ ने हमला कर 50 वर्षीय ग्रामीण को घायल कर दिया। पीड़ित शंकर पटेल निवासी सेमरी को तत्काल सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र मानपुर ले जाया गया, जहां उनकी स्थिति खतरे से बाहर बताई गई है।

घटना के बाद पुलिस बल और अतिरिक्त वन अमला मौके पर तैनात किया गया है, तथा रेस्क्यू टीम बाघ को पकड़ने की कार्रवाई में जुट गई है। जानकारी के अनुसार शनिवार रात करीब 9 बजे ही वन विभाग को कठुलिया हार क्षेत्र में बाघ की आवाजाही की सूचना मिल गई थी।

### वन विभाग की निगरानी पर उठे सवाल

घटना के समय मौके पर केवल पांच मैदानी वनकर्मी मौजूद थे, जबकि वन परिक्षेत्र मानपुर के कोई वरिष्ठ जिम्मेदार अधिकारी वहां उपस्थित नहीं थे। शनिवार रात बाघ की पुष्टि होने के बावजूद 15 घंटे का समय बीत जाने तक सुरक्षा घेरा नहीं बनाए जाने और भीड़ को नियंत्रित नहीं किए जाने को लेकर वन विभाग की कार्यप्रणाली पर सवाल उठ रहे हैं।

### बाघ का रेस्क्यू ऑपरेशन जारी

स्थानीय निवासियों का कहना है कि यदि समय रहते घेराबंदी कर भीड़ को रोक दिया जाता, तो यह हादसा टल सकता था। घटना के बाद पुलिस और वन विभाग का अतिरिक्त अमला मौके पर पहुंचा और लोगों को घटनास्थल से दूर किया गया। वर्तमान में रेस्क्यू टीम मौके पर मौजूद है और बाघ की गतिविधियों पर नजर रखते हुए उसे नियंत्रित करने के प्रयास जारी हैं।

**पगमार्क के आधार पर बाघ के उपस्थिति की पुष्टि**

मौके पर पहुंचे वनकर्मियों ने पंजों के निशान (पगमार्क) के आधार पर बाघ की उपस्थिति की आधिकारिक पुष्टि भी की थी। इसके बावजूद रविवार सुबह तक संवेदनशील क्षेत्र की घेराबंदी नहीं की गई। सुरक्षात्मक उपाय नहीं होने के कारण रविवार सुबह से ही बाघ को देखने के लिए बड़ी संख्या में ग्रामीणों का जमावड़ा लगता रहा।



# मछली पकड़ने नदी में उतारा करंट, युवक की मौत

## शव गड्ढे में दफनाया, मामले में दो आरोपी गिरफ्तार, न्यायालय ने भेजा जेल

**उमरिया नवभारत 13 सितंबर।** कोतवाली थाना क्षेत्र के ग्राम मगरधरा में मछली पकड़ने के लिए नदी के पानी में विद्युत करंट प्रवाहित करने के दौरान युवक की करंट लगने से मौत हो गई। घटना के बाद आरोपियों ने शव को नदी के पास गड्ढे में डालकर मिट्टी से दफना दिया था।

पुलिस के अनुसार, गौकरण सिंह के 5 सितंबर से लापता होने की रिपोर्ट 8 सितंबर को दर्ज कराई गई थी। अगले दिन मगरधरा में नदी के पास बदबू आने की सूचना पर पुलिस ने मौके पर पहुंचकर मिट्टी में दबे शव को बाहर निकलवाया, जिसकी पहचान गौकरण सिंह के रूप में हुई।

### तीनों ने बनाई थी मछली पकड़ने की योजना

मामले की जांच और पूछताछ में सामने आया कि भारत सिंह और वेंकट रमन ने गौकरण के साथ मिलकर नदी में करंट प्रवाहित कर मछली पकड़ने की योजना बनाई थी। भारत सिंह ने अपने घर से नदी तक विद्युत तार पहुंचाया, जबकि वेंकट रमन ने तार को दूसरे तार से जोड़कर नदी के पानी में करंट प्रवाहित किया। इसी दौरान गौकरण करंट की चपेट में आ गया और उसकी मौत हो गई।

### दो साथी मौके से हो गए थे फरार

मौत के बाद दोनों आरोपियों ने शव को नदी के पास गड्ढे में डालकर मिट्टी से ढक दिया और मौके से फरार हो गए। पुलिस ने दोनों आरोपियों को गिरफ्तार कर कल न्यायालय में पेश किया, जहां से उन्हें न्यायिक रिमांड पर जेल भेज दिया गया। कोतवाली पुलिस मामले की जांच कर रही है।

# लोरहा यात्री प्रतीक्षालय के पास पिकअप पलटी, चालक घायल

**उमरिया नवभारत।** रविवार सुबह लोरहा यात्री प्रतीक्षालय के पास कटनी से उमरिया आ रही सब्जी लोड पिकअप अचानक अनियंत्रित होकर सड़क किनारे पलट गई। हादसे में पिकअप चालक राजेन्द्र घायल हो गया। घटना के बाद मौके पर अफरा-तफरी मच गई और आसपास के लोगों की भीड़ जमा हो गई। घायल चालक को तत्काल 108 एंबुलेंस की मदद से जिला अस्पताल उमरिया पहुंचाया गया, जहां उनका उपचार जारी है। बताया गया है कि पिकअप वाहन में सब्जी लोड थी, जिसे लेकर चालक कटनी से उमरिया की ओर आ रहा था। हादसा किन परिस्थितियों में हुआ, इसका स्पष्ट कारण फिलहाल सामने नहीं आया है। हालांकि मौके की स्थिति को देखते हुए यह संभावना भी जताई जा रही है कि चलती पिकअप का टायर अचानक निकल गया होगा, जिसके बाद वाहन अनियंत्रित होकर पलट गया।

# माटी के गणेश की मांग बढ़ी



**डिंडौरी, नवभारत 13 सितंबर।** भगवान श्री गणेश के आगमन को लेकर शहर में तैयारियां शबाब पर हैं। गणेशोत्सव को लेकर बाजार में रौनक बढ़ गई है और जगह-जगह आकर्षक गणेश प्रतिमाओं की बिक्री शुरू हो गई है। इस बार खास बात यह है कि श्रद्धालुओं की पसंद में परंपरा के साथ पर्यावरण संरक्षण की चिंता भी दिखाई दे रही है। प्लास्टर ऑफ पेरिस की प्रतिमाओं के मुकाबले माटी से तैयार गणेश प्रतिमाओं की मांग में तेजी देखी जा रही है।गणेशोत्सव के लिए बाजार में अलग-अलग आकार और स्वरूप की प्रतिमाएं उपलब्ध हैं। इनमें बाल गणेश की प्रतिमाएं लोगों को विशेष रूप से आकर्षित कर रही हैं। घरों में स्थापित करने के लिए छोटी और आकर्षक प्रतिमाओं की मांग अधिक है। गणेशोत्सव में प्रतिमा स्थापना से लेकर विसर्जन तक बड़ी संख्या में श्रद्धालु शामिल होते हैं। ऐसे में मिट्टी से बनी प्रतिमाओं को बढ़ावा देना जलस्रोतों की स्वच्छता और पर्यावरण संरक्षण की दिशा में महत्वपूर्ण कदम माना जा रहा है।

# महिलाओं एवं जोहिला क्षेत्र के सदस्य सम्मानित

## नौरोजाबाद में एचएमएस की बैठक एवं सम्मान समारोह आयोजित

**नौरोजाबाद नवभारत 13 सितंबर।** कोयला मजदूर सभा (एचएमएस) के केंद्रीय महामंत्री आदरणीय नाथूलाल पांडेय के नेतृत्व में नौरोजाबाद में संगठन की महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। बैठक के दौरान संगठन की गतिविधियों, श्रमिक हितों एवं क्षेत्र में संगठन की मजबूती को लेकर चर्चा की गई।

बैठक में महिलाओं के सम्मान के साथ-साथ समस्त जोहिला क्षेत्र के सदस्यों का भी सम्मान किया गया। सम्मान समारोह के दौरान उपस्थित सदस्यों ने संगठन के प्रति अपनी प्रतिबद्धता व्यक्त करते हुए श्रमिकों के हितों में निरंतर कार्य करने का संकल्प लिया।



**संगठन का प्रभाव निरंतर बढ़ रहा : पांडेय**-वक्ताओं ने कहा कि केंद्रीय महामंत्री नाथूलाल पांडेय के नेतृत्व में एसईसीएल में कोयला मजदूर सभा (एचएमएस) लगातार अपनी मजबूत उपस्थिति दर्ज करा रही है और संगठन का प्रभाव निरंतर बढ़ रहा है। श्रमिकों की समस्याओं को उचित मंच पर उठाने तथा उनके अधिकारों के लिए एकजुट होकर कार्य करने पर भी जोर दिया गया। कार्यक्रम में जोहिला क्षेत्र से जुड़े पदाधिकारी, सदस्य एवं अन्य कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# घरेलू गैस से चल रही दुकानों पर छापे

**डेयरी और चाय-नाश्ता सेंटर से तीन सिलेंडर जब्त**

**शहपुरा नवभारत 13 सितंबर।** घरेलू गैस सिलेंडरों के व्यावसायिक उपयोग के खिलाफ खाद्य एवं आपूर्ति विभाग ने शहपुरा नगर में कार्रवाई करते हुए तीन घरेलू गैस सिलेंडर जब्त किए हैं। कार्रवाई से व्यावसायिक प्रतिष्ठानों में हड़कंप मच गया। एसडीएम शहपुरा के निर्देश पर सहायक आपूर्ति अधिकारी जयंत असराटी ने आदित्य डेयरी में दो घरेलू गैस सिलेंडरों से दूध से खोवा बनाने में किया जाना पाया गया। घरेलू गैस का व्यावसायिक उपयोग मिलने पर दोनों सिलेंडरों को मौके से जब्त कर लिया गया।



इसी क्रम में शहपुरा के अग्रवाल चाय-नाश्ता सेंटर का निरीक्षण के दौरान यहां भी एक घरेलू गैस सिलेंडर का उपयोग मंगोड़ी बनाने के लिए किया जा रहा था। दोनों मामलों में प्रकरण दर्ज कर अग्रिम कार्रवाई की जा रही है।




# गांव-गांव सजने लगे गणेश पंडाल, बाजार में बढ़ी चहल-पहल

**शहपुरा नवभारत13 सितंबर।** गणेश चतुर्थी पर्व को लेकर नगर सहित ग्रामीण क्षेत्रों में तैयारियां जोर पकड़ने लगी हैं। गणेश चतुर्थी और हरतालिका तीज का पर्व एक ही दिन पड़ने के कारण बाजारों में भी पर्व को लेकर चहल-पहल बढ़ गई है। गणेश प्रतिमाओं की दुकानों पर लोगों की आवाजाही शुरू हो गई है, वहीं मूर्तिकार भगवान श्री गणेश की प्रतिमाओं को अंतिम रूप देने में जुटे हुए हैं। शहपुरा नगर आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों के लिए गणेश प्रतिमाओं का प्रमुख केंद्र माना जाता है। यहां आसपास के गांवों से गणेश उत्सव समितियों के सदस्य भगवान श्री गणेश की प्रतिमाएं लेने पहुंचते हैं। मूर्तिकारों द्वारा अलग-अलग आकार और स्वरूप की प्रतिमाओं को आकर्षक रूप दिया जा रहा है, ताकि श्रद्धालु अपनी पसंद के अनुसार प्रतिमा ले जा सकें। इधर, गांव-गांव गणेश उत्सव समितियों ने भी तैयारियां शुरू कर दी हैं। कई स्थानों पर गणेश पंडाल बनाने का काम शुरू हो चुका है। पर्व को लेकर युवाओं और समितियों में खासा उत्साह देखने को मिल रहा है।

# आरोग्य मंदिरों में 373 लोगों की हुई स्वास्थ्य जांच

**आंगनवाड़ी बच्चों की शिक्षा, आहार और आवास देखे**

**डिंडौरी नवभारत 13 सितंबर।** मुख्यमंत्री जनविश्वास अभियान के अंतर्गत विकासखंड करंजिया के ग्राम मोहतरा में आयोजित सिविल कैंप के दौरान कलेक्टर अंजू पवन भदौरिया ने आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं से संवाद किया। उन्होंने बच्चों के स्वास्थ्य, पोषण, स्वच्छता एवं प्रारंभिक शिक्षा को लेकर आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। इस दौरान उन्होंने आंगनवाड़ी में आने वाले छोटे बच्चों से भी आत्मीयता से बातचीत कर उनके खाने, पढ़ाई और रहने के संबंध में जानकारी ली।



कलेक्टर ने प्रत्येक बच्चे को पौष्टिक एवं गुणवत्तापूर्ण भोजन उपलब्ध कराने तथा प्रारंभिक शिक्षा के साथ स्वास्थ्य, स्वच्छता एवं दैनिक जीवन से जुड़ी जरूरी बातें सिखाने के निर्देश दिए।

**अभिभावकों को किया प्रेरित**-उन्होंने कहा कि गांव-गांव जाकर ऐसे बच्चों के परिवारों से संपर्क करें, जो नियमित रूप से आंगनवाड़ी नहीं आते हैं। अभिभावकों से बच्चों के आहार एवं पोषण के संबंध में चर्चा कर उन्हें प्रतिदिन आंगनवाड़ी भेजने के लिए प्रेरित करें। पोषण की कमी के कारण कोई भी बच्चा कमजोर न हो, इसके लिए पूरी संवेदनशीलता और जिम्मेदारी के साथ कार्य किया जाए। अभियान के अंतर्गत ग्राम मोहतरा, गोपालपुर एवं पंडरी पानी स्थित तीन आयुष्मान आरोग्य मंदिरों में दूरस्थ बैगा बाहुल्य क्षेत्रों के ग्रामीणों के लिए स्वास्थ्य जांच एवं उपचार की सुविधा उपलब्ध कराई गई। शिविरों में 47 गर्भवती महिलाओं, 145 बच्चों, 78 पुरुषों एवं 103 महिलाओं सहित कुल 373 लोगों की स्वास्थ्य जांच की गई।

# कश्यप जयंती पर सजेगा मानपुर, निकलेगी शोभायात्रा

## 15 सितंबर को प्रतिभा सम्मान समारोह में जुटेगा कसौंधन वैश्य समाज



**मानपुर/उमरिया, 13 सितंबर।** सृष्टि के सृजनकर्ता एवं गोत्र प्रवर्तक भगवान श्री कश्यप ऋषि की जयंती के अवसर पर मानपुर में कसौंधन वैश्य समाज द्वारा कश्यप जयंती एवं प्रतिभा सम्मान समारोह का आयोजन किया जा रहा है।

आयोजन को लेकर समाजजनों में खासा उत्साह है। 15 सितंबर मंगलवार को आयोजित होने वाले इस कार्यक्रम में धार्मिक अनुष्ठान, रामायण पाठ, भव्य शोभायात्रा, सांस्कृतिक एवं रंगमंचीय प्रस्तुतियों के साथ समाज की प्रतिभाओं का सम्मान किया जाएगा। श्री कसौंधन वैश्य समाज मानपुर के अध्यक्ष विकास गुप्ता एवं नवयुवक मंडल अध्यक्ष रूपेश गुप्ता ने बताया कि भगवान कश्यप ऋषि की जयंती समाज के लिए आस्था और गौरव का पर्व है।

### वैदिक पूजन से शुरू होगा कार्यक्रम

कार्यक्रम का आयोजन बरसाना पैलेस, चांदनी चौक मानपुर में किया जाएगा। निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार सुबह 10 बजे भगवान कश्यप ऋषि का वैदिक मंत्रोच्चार के साथ अभिषेक एवं पूजन किया जाएगा। इसके बाद सुबह 11 बजे रामायण पाठ का आयोजन होगा। दोपहर 2 बजे कसौंधन धर्मशाला, पुरानी बाजार से भव्य शोभायात्रा निकाली जाएगी।

### रंगमंचीय प्रस्तुतियां रहेंगी आकर्षण का केंद्र

शाम 5 बजे से रंगमंचीय एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। इसमें समाज की प्रतिभाओं द्वारा सामूहिक नृत्य, गीत एवं विभिन्न सांस्कृतिक प्रस्तुतियां दी जाएंगी। कार्यक्रम में बच्चों एवं युवाओं की प्रतिभाओं को मंच प्रदान किया जाएगा। इसके साथ ही शिक्षा, खेल एवं अन्य क्षेत्रों में उत्कृष्ट प्रदर्शन कर समाज का नाम रोशन करने वाली समाज की प्रतिभाओं को सम्मानित किया जाएगा।

### कश्यप ऋषि को माना जाता है गोत्र प्रवर्तक

सनातन परंपरा में भगवान कश्यप ऋषि का विशेष महत्व है। धार्मिक मान्यताओं के अनुसार वे महर्षि मरीचि के पुत्र और सप्तर्षियों में प्रमुख माने जाते हैं। कश्यप ऋषि का विवाह दक्ष प्रजापति की कन्याओं से हुआ, जिनसे देवता, दैत्य, नाग, मानव तथा विभिन्न जीव-जंतुओं की उत्पत्ति की धार्मिक मान्यता वर्णित है। इसी कारण उन्हें सृष्टि के प्रमुख प्रवर्तकों में माना जाता है।

# मैया अभियान कार्यकर्ताओं ने घाटों से हटाया कचरा



**नर्मदा संरक्षण को लेकर जन जागरूकता बढ़ाने श्रमदान**

**डिंडौरी नवभारत 13 सितंबर।** पर्यावरण संरक्षण और मां नर्मदा के घाटों की स्वच्छता के संकल्प के साथ जिले में विगत तीन वर्षों से संचालित 'मैया अभियान' के अंतर्गत रविवार को पुनः पुल समीप स्थित घाटों पर स्वच्छता सेवा की गई। अभियान से जुड़े सेवादारों ने घाटों में फैले कचरे एवं अन्य प्रदूषकों को एकत्र किया तथा दोनों घाटों पर झाड़ू लगाकर सफाई की। इस दौरान करीब एक ट्रॉली कचरा घाटों से एकत्र कर हटाया गया।

### सेवा के साथ दिया स्वच्छता का संदेश

नर्मदा सेवा अभियान के तहत स्वच्छता सेवा में आयुष विभाग के डॉ. संतोष परस्ते, कार्यपालन यंत्री एम.एस. धुर्वे, जिला पंचायत से राम संजीवन वर्मा, माय भारत से आर.पी. कुशवाहा, शिक्षक जितेंद्र दीक्षित, मनोज चौकसे, महारन प्रताप, रक्त देवदूत भागवत यादव, ओमवीर जाट, विद्यार्थी संतोष परमार, अवध गोहिया एवं माही बरोतिया सहित अन्य सेवादारों ने सहभागिता की।

# सहायक ग्रेड-3 को मंत्रालय के समान वेतनमान देने की मांग

## लिपिक वर्ग एवं लघु वेतन कर्मचारी संघ ने कैबिनेट मंत्री संपतिया उइके को सौंपा ज्ञापन



**डिंडौरी, नवभारत 13 सितंबर।** रविवार के दिन विभागाध्यक्ष एवं उनके अधीनस्थ कार्यालयों में कार्यरत सहायक ग्रेड-3 कर्मचारियों को मध्यप्रदेश मंत्रालय, विधि-विधायी कार्य एवं राजभवन के सहायक ग्रेड-3 कर्मचारियों के समान द्वितीय उच्चतर समयमान वेतनमान एवं ग्रेड-पे का लाभ दिए जाने की मांग को लेकर कर्मचारी संगठनों ने ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन कैबिनेट मंत्री संपतिया उइके को सौंपा गया।

इस दौरान लिपिक वर्ग शासकीय कर्मचारी संघ एवं लघु वेतन कर्मचारी संघ के पदाधिकारी एवं कर्मचारी संयुक्त रूप से मौजूद रहे। कर्मचारी संघ का कहना है कि शासन के समस्त विभागों एवं मंत्रालय को संबोधित उक्त आदेश का वास्तविक लाभ विभागाध्यक्ष एवं उनके अधीनस्थ कार्यालयों में कार्यरत तृतीय श्रेणी सहायक ग्रेड-3 कर्मचारियों को भी दिया जाना चाहिए।

ज्ञापन जिलाध्यक्ष रत्नेश कुमार नामदेव के नेतृत्व में सौंपा गया। कर्मचारी संगठनों ने शासन से मामले में सकारात्मक निर्णय लेते हुए लंबे समय से चली आ रही विसंगति को दूर करने की मांग की है।

आयोजन — शासकीय स्नातक महाविद्यालय शहपुरा में भारतीय ज्ञान परंपरा प्रकोष्ठ के विविध आयोजन

# शहपुरा कालेज में बलराम-कृष्ण के वेष में सजीं छात्राएं

**शहपुरा, नवभारत।** शासन की आदेशानुसार शासकीय स्नातक महाविद्यालय शहपुरा में भारतीय ज्ञान परंपरा प्रकोष्ठ, राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई एवं स्वामी विवेकानंद कैरियर मार्गदर्शन प्रकोष्ठ के संयुक्त तत्वावधान में कार्यक्रम भव्य आयोजन उत्साहपूर्वक संपन्न हुआ।

कार्यक्रम का शुभारंभ कृष्ण-बलराम एवं माँ सरस्वती के छायाचित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर तथा दीप प्रज्वलन के साथ किया गया। कार्यक्रम का आयोजन महाविद्यालय के प्राचार्य सी एस परस्ते के मार्गदर्शन तथा भारतीय ज्ञान परंपरा प्रकोष्ठ की सयोजक रश्मि शुक्ला के कुशल नेतृत्व में संपन्न हुआ। महाविद्यालय के प्राचार्य सी एस परस्ते ने प्रेरणादायी दोहों के माध्यम से कृष्ण-बलराम संबंधों की महत्ता को सरल एवं प्रभावी ढंग से प्रस्तुत किया। वहीं श्रीमती रश्मि शुक्ला ने अपने उद्बोधन में भगवान कृष्ण के जीवन प्रसंगों का उल्लेख करते हुए भारतीय परंपरा के आदर्शों पर प्रकाश डाला। राष्ट्रीय सेवा योजना के कार्यक्रम प्रभारी डॉ. ओमप्रकाश पटेल नें ज्वाइन एनएसएस अभियान कार्यक्रम के दौरान कॉलेज के विद्यार्थियों को 'माय भारत पोर्टल' के माध्यम से राष्ट्रीय सेवा योजना से जुड़ने की जानकारी दी, ताकि अधिक से अधिक युवा समाज और राष्ट्र निर्माण में अपनी सक्रिय भूमिका निभा सकें। पेड़ों को बांधी राखी पर्यावरण संरक्षण रक्षाबंधन के पावन अवसर पर राष्ट्रीय सेवा योजना के स्वयंसेवकों ने कॉलेज परिसर में पौधों और पेड़ों को राखी बांधी। कार्यक्रम का सफल संचालन भारतीय ज्ञान परंपरा प्रकोष्ठ के प्रभारी डॉ. रश्मि शुक्ला एवं आभार डॉ आरती चौधरी द्वारा किया गया ने किया।



इस अवसर पर वरिष्ठ प्रा. एस. बी उरैती,कृष्ण कुमार मरावी,सी. पी भानुवंशी,पंकज झारिया,डॉ. किरण सिंह,डॉ. अंजू त्रिपाठी, डॉ. स्मिता, डॉ. राकेश कुमार साहू,डॉ. अंजनी कुमार तिवारी, डॉ. पारुल श्रीवास्तव,कृष्ण कुमार श्रोतिया,अभिषेक नागवंशी, डॉ. अनीता अग्रवाल, अजय श्रीवास्तव, सहित महाविद्यालय परिवार के समस्त स्टॉफ एवं छात्र उपस्थित रहे।